यूटीयू के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया उत्तराखंड का मान

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के कैंपस संस्थान नन्हीं परी सीमांत इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट पिथौरागढ़ के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता जीत प्रदेश का मान बढ़ाया है। राजस्थान में आयोजित हुई स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में देश भर के छात्रों ने प्रतिभाग किया।

राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली विजेता टीम को पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपये की धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया। टीम के लिए मंथन जोशी, लोकेश पांडे, शुभम जोशी, गुरूमीत सिंह, प्लाक्षा जोशी, रश्मी भारती व ज्योति जोशी ने शानदार प्रदर्शन किया। विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा, राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में जीत हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त

राजस्थान में आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में हासिल किया प्रथम स्थान

करते हुए टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय और राज्य का नाम रोशन किया है। 27 जनवरी को स्थापना दिवस पर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को सम्मानित किया जाएगा।

एक सामाजिक कोडिंग कार्यक्रम है हैकथॉन: हैकथॉन एक सामाजिक कोडिंग कार्यक्रम है, जो कंप्यूटर प्रोग्रामर और अन्य इच्छुक लोगों के लिए एक नया सॉफ्टवेयर प्रोग्राम बनाने या उपकरणों के साथ पेश किया जाता है। आज, इंजीनियरिंग विभाग, विशेष रूप से वेब-आधारित कंपनियों में, एंटरप्राइज में एंटरप्रेन्योरशिप शुरू करने की प्राथमिकता अपनाते हैं। संवाद